दिन– शुक्रवार दिनांक– 13/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंद्रह सितम्बर को भागलपुर–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। आज इस ट्रेन का भागलपुर से दुमका के बीच ट्रायल रन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर जंक्शन से ट्रेन दोपहर बारह बजे खुली और दो बजकर पैंतालीस मिनट पर दुमका जंक्शन पहुंची। बाद में यह ट्रेन दुमका से दोपहर तीन बजे भागलपुर के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन शाम पांच बजे भागलपुर जंक्शन पहुंचेगी। सत्रह सितम्बर से वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जायेगा। रेलवे द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार ट्रेन का परिचालन शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन किया जायेगा। यह ट्रेन सुबह सात बजकर पैंतालीस मिनट पर हावड़ा से रवाना होगी और रामपुरहाट, दुमका तथा हंसडीहा होते हुये दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन तीन बजकर बीस मिनट पर भागलपुर से खुलेगी और रात नौ बजकर बीस मिनट पर हावड़ा जंक्शन पहुंचेगी।

———————————————————————————

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्यौहारों के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने और बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए समय समय पर औचक जांच भी की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि जहां खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स जैसे वैन उपलबध हैं, उन्हें प्रमुख बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाना चाहिए।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय विकास योजना डॉट ओआरजी नामक एक वेबसाईट को फर्जी बताते हुये लोगों को आगाह किया है। इस वेबसाईट के जरिये विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं और उनसे आवेदन शुल्क के रूप में एक हजार छह सौ पचहत्तर रूपये लिये जा रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि यह वेबसाईट कृषि मंत्रालय से जुड़ी नहीं है। पीआईबी ने लोगों को ऐसे फर्जी वेबसाईट से सावधान रहने की सलाह दी है।

———————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक बार फिर शराबबंदी कानून की समीक्षा करने की मांग की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि इस कानून का सबसे अधिक खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे शराबबंदी का विरोध नहीं करते हैं, लेकिन कानून के क्रियान्वयन में काफी खामियां हैं, जिस कारण वे बार–बार इस कानून की समीक्षा की बात करते हैं।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार और पुनर्विकास कार्य के तहत जी प्लस–सेवन भवन का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भवन निर्माण मंत्री जयंत राज समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

———————————————————————————————

प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बरौनी में सबसे अधिक छियासठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————————

शिवहर जिले के सदर थाना क्षेत्र और तरियानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।